# SIDHAULI POLICE

**प्रेस नोट-जनपद सीतापुर**

## जनपद अयोध्या से ₹ 10,000/- का वांछित इनामिया

## अंतर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार,अवैध शस्त्र बरामद

**दिनांक:-04.10.2026**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती व अन्य जघन्य अपराध में संलिप्त/वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी श्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना सिधौली पुलिस टीम द्वारा दिनांक 03/04.10.26 को चेकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त नीलेश जायसवाल पुत्र श्रीकृष्णनन जायसवाल निवासी मोहल्ला संतनगर थाना सिधौली जनपद सीतापुर को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ ग्राम जुधौरा नहर पट्टी की तरफ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 378/26 धारा 25 (1-B) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त नीलेश उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त नीलेश जायसवाल थाना मवई, जनपद अयोध्या से मु0अ0सं0 20/26 धारा 303(2)/324(4)/317(2)/317(5)/3(5) BNS में ₹ 10,000/- का घोषित इनामिया/वांछित अपराधी है, जो काफी समय से फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, इसके विरुद्ध पूर्व में गिरोह बनाकर विभिन्न आपराधिक कृत्यों- मारपीट/चोरी/नकबजनी/छिनैती आदि में अभियोग जनपद अयोध्या व सीतापुर में पंजीकृत हैं। जनपद में अपराध/ अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

**अभियुक्त का नाम/पता:**

नीलेश जायसवाल पुत्र श्रीकृष्णनन जायसवाल नि0 मो0 संतनगर थाना सिधौली जनपद सीतापुर

**आपराधिक इतिहास अभि0 नीलेश उपरोक्त:-**

**1.मु0अ0स0 14/25 धारा 303(2),317(2) बीएनएस व 2/3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर**

**2.मु0अ0सं0 20/2026 धारा 3(5),303(2),317(2),317(5),324(4) बीएनएस थाना मवई जनपद आयोध्या**

**3.मु0अ0सं0 73/2026 धारा 313,317(2),317(4),317(5),61(2) बीएनएस व 2/3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम धारा थाना शिवगढ जनपद रायबरेली**

**4.मु0अ0सं0 378/26 धारा 25(1-B) आर्म्स एक्ट थाना सिधौली जनपद सीतापुर**

**बरामदगी-** **अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।**

**पुलिस टीम थाना सिधौली –**

**1.प्रभारी निरीक्षक श्री विजयेन्द्र सिंह**

**2.उ0नि0 दयानन्द झा**

**3.हे0का0 जयप्रताप सिंह**

**4.रि0का0 अभिषेक साहू**